तापमान

भोपाल	42.4°	26.6°
इंदौर	40.5°	27.0°
जबलपुर	42.1°	25.4°
ग्वालियर	42.6°	28.3°

दैनिक

नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 160,पृष्ठ 12)
गुरूवार 9 मई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... हमने ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा...


खेल... तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे...

व्यापार... मारुति सुजुकी इस हफ्ते न्यू जेनरेशन मॉडल की नई...

देश-विदेश... एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन...

www.naiduniaonline.com

विभाजनकारी हो गई है कांग्रेस की मानसिकता...

चुनाव हारने के डर से कुछ भी बोल रही: मोदी

राजमपेट (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के राजमपेट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रायलसीमा के पास ताकत और क्षमताओं की कोई सीमा नहीं है। खदानों और खनिजों से लेकर भव्य मंदिरों तक, प्रतिभाशाली किसानों से लेकर बुद्धिमान युवाओं तक, पर्यटन क्षमता से लेकर उद्योगों तक, यह क्षेत्र कई पहलुओं में अपार संभावनाएं रखता है।

उन्होंने लोगों से कहा कि आज मोदी आपका आशीर्वाद लेने आये हैं। मोदी का लक्ष्य रायलसीमा को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और आंध्र प्रदेश राज्य को अभूतपूर्व विकास प्रदान करना है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि कठिनाइयों से खुद को बचाने के लिए, आंध्र प्रदेश में समृद्धि लाने के लिए, आपको डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत सरकार एक मजबूत देश बनाती है। आज भारत पहले से कहीं अधिक सशक्त है! विदेशों में रहने वाले हमारे देशवासियों के सामने जो भी मुद्दे उभरते हैं, मोदी उन्हें जल्द से जल्द हल करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। आज वैश्विक मंच पर भारत का कद सचमुच बढ़ा है। विपक्ष पर वार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता विभाजनकारी हो गई है। यह भारत को टुकड़े-टुकड़े करना चाहता है। हाल ही में शहजादा के एक विशेष सलाहकार द्वारा की गई नस्लवादी टिप्पणी बिल्कुल शर्मनाक है। कांग्रेस ने बार-बार साबित किया है कि वह भारत और भारत के लोगों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि परेशान कांग्रेस चुनाव हारने के डर से कुछ भी बोल रही है। लेकिन देश इस पार्टी का असली चेहरा देख चुका है और अब तक हर कोई कांग्रेस पार्टी की ओछी मानसिकता और रणनीति से वाकिफ हो चुका है। हमें याद रखना चाहिए कि हमें कांग्रेस को न केवल जवाब देना है, बल्कि उसके पापों की सजा भी देनी है। तेलंगाना के करीमनगर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा राष्ट्र पहले के सिद्धांत पर काम करती है। हालाँकि, उन्होंने टिप्पणी की कि कांग्रेस और बीआरएस के लिए यह परिवार पहले है। पीएम मोदी ने कहा,बीजेपी हमेशा राष्ट्र पहले की नीति पर काम करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस परिवार पहले के सिद्धांत पर काम करते हैं. उनके राजनीतिक दल परिवार द्वारा, परिवार के लिए, परिवार के जैसे हैं. कांग्रेस और बीआरएस अलग नहीं हैं और उन्हें क्या जोड़ता है? भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और शून्य शासन का मॉडल इन दोनों पार्टियों को जोड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार प्रथम की इस नीति के कारण, कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव का अपमान

(शेष पेज 2 पर)

अडानी-अंबानी से कांग्रेस को मिला कितना काला धन, क्यों गाली देना बंद कर दिया

तेलंगाना के वेमुलावाड़ा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा, जब से चुनाव की घोषणा हुई है, तब से इन लोगों (कांग्रेस) ने अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया है। मैं तेलंगाना की धरती से पूछना चाहता हूं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्हें अडाणी-अंबानी से कितना माल मिला है। मोदी ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस) पांच साल तक अडानी-अंबानी को गाली दी और रातों-रात सब बंद हो गया। निश्चित रूप से कुछ गड़बड़ है। इसका मतलब है कि आपको चोरी के माल का कुछ लोड टेम्पो मिला है। आपको देश को जवाब देना होगा। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंबानी-अडाणी पर दिए बयान को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नमस्कार मोदी जी, थोड़ा सा घबरा गए क्या, सामान्य तौर पर तो आप बंद कमरों में अंबानी-अडाणी बात करते हैं, पहली बार आपने पब्लिक में अंबानी-अडाणी कहा है। आपने कहा कि टेंपो में पैसा देते है तो क्या यह आपका पर्सनल एक्सपिरियंस है क्या, सबीआई और ईडी को इनके पास भेजिए, पूरी जांच करा लीजिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जितना पैसा पीएम नरेंद्र मोदी ने अडाणी-अंबानी को दिया है, उतनी ही पैसा हम हिंदुस्तान के गरीब लोगों को देने जा रहा

(शेष पेज 2 पर)

चुनाव बाद राहुल को निकालनी पड़ेगी कांग्रेस ढूंढो यात्राः शाह

हरदोई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के हरदोई में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि तीन चरण में हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी 190 सीटें पार कर चुके हैं और ये चौथा चरण 200 पार करके 400 की ओर जाने का चरण है।

समाजवादी पार्टी-कांग्रेस, दोनों का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद भारत जोड़ो यात्रा नहीं, कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। अमित शाह ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन है, सपा, कांग्रेस, टीएमसी, ये सारे जो इकट्ठा हुए हैं, इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए हैं। कल ही झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 30 करोड़ रुपया पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। उसके कुछ दिन पहले टीएमसी नेता के घर से 51 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। मैं राहुल बाबा और अखिलेश से कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार करोगे तो पकड़े भी जाओगे और जेल भी जाओगे। कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि 2021 में अखिलेश यादव, हरदोई में सरदार पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन करने आए थे और कह गए कि मोहम्मद अली जिन्ना महान व्यक्ति थे। अरे, अखिलेश इतिहास पढ़ो ढंग से, भारत माता के टुकड़े करने वाले और कोई नहीं आपके महान नेता मोहम्मद अली जिन्ना थे। उन्होंने दावा किया कि ये राहुल बाबा कहते हैं कि हम सरकार में आएंगे, तो धारा 370 और तीन तलाक वापस लाएंगे। मैं आपको बताता हूं कि गलती से भी ये राहुल बाबा और अखिलेश सत्ता में आ गए तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। उन्होंने कहा कि अभी-अभी पाकिस्तान ने राहुल बाबा की बड़ी प्रशंसा की है। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि राहुल बाबा की प्रशंसा पाकिस्तान क्यों कर रहा है? तो मैंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक होती है, राहुल बाबा विरोध करते हैं। नक्सली मरते हैं, राहुल बाबा विरोध करते हैं। धारा 370 हटती है, राहुल बाबा विरोध करते हैं। राम मंदिर बनता है,राहुल बाबा विरोध करते हैं। राहुल बाबा पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं और पाकिस्तान राहुल बाबा का समर्थन करता है। वहीं कन्नौज में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वायनाड सांसद देश में पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। अपने हमलों को तेज करते हुए, शाह ने कहा कि गांधीजी रायबरेली में हार जाएंगे जिसके बाद उन्हें इटली में बस जाना चाहिए, जो उनके लिए एकमात्र जगह बची है। इंडी गठबंधन की आलोचना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए क्योंकि वे अपने वोट बैंक से डरते थे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी गुट सत्ता में आया तो राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देगा। सीएए का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि राहुल बाबा (राहुल गांधी) कहते हैं, अखिलेश कहते हैं कि हम सीएए को हटा देंगे। अरे राहुल बाबा आप तो क्या आपकी नानी भी ऊपर से वापस आ जाए, तो सीएए को नहीं हटा पाएगी। शाह ने

(शेष पेज 2 पर)

खास-खबर

विमानन मंत्रालय ने उडानें रद्द होने पर एयर इंडिया से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। नागरिक विमानन मंत्रालय ने अनेक उडानें रद्द किये जाने से यात्रियों को हो रही असुविधा के मामले में एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयरलाइन से यात्रियों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने को भी कहा है। एयर इंडिया ने कहा है कि उसके केबिन क्रू के बड़ी संख्या में सदस्यों ने बीमारी का कारण बताते हुए अचानक छुट्टी ले ली है। एयरलाइन ने कहा है कि वह यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करती है और केबिन क्रू के सदस्यों के साथ बातचीत कर रही है। मंत्रालय ने एयरलाइन से इस घटनाक्रम के संबंध में विस्तार से रिपोर्ट देने को कहा है। रिपोर्टों के अनुसार केबिन क्रू के सदस्यों के अवकाश पर चले जाने से एयरलाइन की 70 से भी अधिक उडानों को रद्द करना पड़ा है।

भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा, कार्यकाल पूरा करेगी:सैनी

सिरसा (एजेंसी)। हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापिस लेने पर अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। सैनी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में इस आशय की बात कही।

कांग्रेस की चुप्पी पर प्रधानमंत्री के उठाए सवाल पर बोलीं प्रियंका-

राहुल हर दिन लेते हैं अडानी का नाम

रायबरेली (एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को अपने भाई और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जवाब दिया, जहां उन्होंने अडानी-अंबानी पर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाया था और सवाल किया था कि क्या कांग्रेस और उद्योगपति के बीच कोई गुप्त समझौता था। रायबरेली में एक चुनावी रैली में प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि

मोदी सरकार ने अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है, जबकि उत्तर प्रदेश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल गांधी अडानी का नाम नहीं ले रहे। सच्चाई तो ये है- राहुल गांधी हर दिन अडानी के बारे में बात करते हैं, वो हर दिन अडानी का सच आपके सामने रखते हैं और उसे उजागर करते हैं। राहुल गांधी रोज कहते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े उद्योगपतियों से सांठगांठ है। उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी ने अपने मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये, लेकिन किसानों का एक रुपया

(शेष पेज 2 पर)

आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर पुलिस ने नड्डा व मालवीय को किया तलब

बेंगलुरु (एजेंसी)। आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में भाजपा नेता जेपी नड्डा और अमित मालवीय को बेंगलुरु पुलिस के सामने पेश होने के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। पार्टी की कर्नाटक इकाई द्वारा किए गए आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर बेंगलुरु पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को तलब किया है। बुधवार को बेंगलुरु में हाईग्राउंड्स पुलिस के जांच अधिकारी की ओर से नेताओं को नोटिस जारी किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में होती है विकसित भारत की बात : नड्डा

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि आपकी ये उर्जा, उत्साह, उमंग और खुशी देखकर ये स्पष्ट हो गया है कि आपने मंडी से कंगना रनौत को चुनाव जिताकर दिल्ली भेजने का मन बना लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये चुनाव सिर्फ कंगना जी को सांसद बनाने का नहीं है, बल्कि ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है और आपको मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। अपने गृह राज्य में

संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में फूट डालो और शासन करो की राजनीति होती थी, धर्म और जाति के आधार पर राजनीति होती थी, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति होती थी। वहीं अब सैम पित्रोदा ने भारत को चमड़ी के आधार पर विभाजित करने की योजना बना ली है, लेकिन मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति, राजनीति की सोच

(शेष पेज 2 पर)

केजरीवाल की जमानत पर कल आ सकता है फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के संजीव खन्ना ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत से अंतरिम रिहाई पर आदेश शुक्रवार को पारित किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने एएसजी एसवी राजू से कहा कि जहां तक अंतरिम आदेश आदि का सवाल है, हम शुक्रवार को वह आदेश पारित कर सकते हैं। न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ में बैठे थे, जब उठने से पहले उन्होंने राजू से कल जीएसटी बैच में अपनी दलीलें शुरू करने के लिए कहा। यह सोचकर कि केजरीवाल का मामला कल सूचीबद्ध है।

हालांकि, न्यायमूर्ति खन्ना ने स्पष्ट किया कि केजरीवाल का मामला गुरुवार को नहीं बल्कि शुक्रवार को सूचीबद्ध है और उस दिन मामले में अंतरिम आदेश पारित किया जा सकता है।

विवाद में घिरने के बाद सैम पित्रोदा ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस ने तुरंत किया स्वीकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में नस्लीय टिप्पणी कर के विवादों में आने वाले सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को कांग्रेस ने तुरंत मंजूर भी कर लिया, इसके बारे में कांग्रेस के कद्दावर नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी की सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इस पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है. कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।



अक्सर राहुल गांधी के करीबी सहयोगी माने जाने वाले पित्रोदा ने कहा कि भारत के पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं। हाल के वर्षों में पित्रोदा द्वारा खड़ा किया गया यह पहला विवाद नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, पित्रोदा ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा था कि मध्यम वर्ग को सभी गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी के लिए अधिक कर देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

भारतीयों को विदेशी मूल का साबित करना चाहता है कांग्रेस नेतृत्वः भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा द्वारा भारत के लोगों पर नस्लीय टिप्पणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिर जाने को देश की विविधता एवं एकता के लिए खतरा बताये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जतायी और कहा कि कांग्रेस जब से विदेशी मूल के नेतृत्व के हाथों गयी है, तब से वह भारत की हर बात विदेशी मूल की साबित करने में लगी है। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सैम पित्रोदा के बयानों को देश को तोड़ने वाला करार दिया और कांग्रेस से इस अपराध के लिए देश से क्षमा याचना करने की मांग की। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि श्री राहुल गांधी के उस्ताद सैम पित्रोदा ने भारत को लेकर कांग्रेस के उस विचार पर रोशनी डाली है, जिस पर श्रीमती सोनिया गांधी और शागिर्द श्री राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के बड़े नेता भरोसा करते हैं। उनके बयान को कांग्रेस का बयान माना जा रहा है क्योंकि गांधी परिवार ने अभी तक उसका खंडन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अब भारत में विदेशी मानसिकता के असर में काम करने वालों और उन लोगों के बीच एक लड़ाई बन गए हैं, जो आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान के साथ काम कर रहे हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि राम मंदिर, रामनवमी और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राम मंदिर दौरे से भारत की विविधता और लोकतंत्र को चुनौती मिल रही है। उन्होंने कहा, मैं दोहराना चाहता हूं कि ऐसे विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित लोग उस विचार को नहीं समझ सकते, जब प्रधानमंत्री श्री मोदी कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है।

बैतूल संसदीय क्षेत्र की मुलताई विधानसभा के चार मतदान केन्द्रों में पुनर्मतदान के आदेश

भोपाल (काप्र)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि बैतूल लोकसभा क्षेत्र के मुलताई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चार मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान होगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार को आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्रमांक 129-अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 275-राजापुर, क्र. 276-दूदर रैयत, क्र. 279-कुंडा रैयत एवं क्रमांक 280-चिखलीमाल में 10 मई 2024 (शुक्रवार) को फिर से मतदान कराने के आदेश दिए हैं। यह मतदान 10 मई (शुक्रवार) को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 10 मई को सुबह 5:30 बजे मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके लिए मतदान दल सामग्री सहित 9 मई को रवाना होंगे। पुनर्मतदान में अमिट स्याही मतदाताओं के बायें हाथ की मध्यमा अंगुली में लगायी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बैतूल को पुनर्मतदान कराने के पूर्व मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को विधिवत् प्रशिक्षण

(शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर *पीओके पर विदेश मंत्री जयशंकर का कड़ा संदेश...*

भारत के हिस्से पर सरकार की प्रतिबद्धता

नई दिल्ली (एजेंसी)। पड़ोसी देश पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत को लौटाने की नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विश्व बंधु भारत पर गार्गी कॉलेज में एक संबोधन के दौरान विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि एक संसद प्रस्ताव है, और देश का हर राजनीतिक दल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पीओके जो भारत का हिस्सा है, भारत में वापस आ जाए। जयशंकर ने कहा कि लोगों ने बस यह मान लिया कि 370 (अनुच्छेद) को नहीं बदला जा सकता है और यह कुछ ऐसा है जिसे हमें स्वीकार करना होगा। अब एक बार जब हम इसे बदल देते हैं, तो पूरी जमीनी स्थिति बदल जाती है। उन्होंने कहा कि पीओके के संबंध में मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि संसद में एक प्रस्ताव है और देश की हर राजनीतिक पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पीओके जो भारत का

हिस्सा है, वह भारत को वापस मिल जाए। लेकिन मैं एक बात जरूर कहना चाहता हूं, 10 साल पहले या यहां तक कि 5 साल पहले भी लोग हमसे यह नहीं पूछते थे। जब हमने 370 को खत्म कर दिया, तो अब लोग समझते हैं कि पीओके भी महत्वपूर्ण है। ये टिप्पणियां रविवार को जयशंकर के उस बयान के बाद आई हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि पीओके कभी भी भारत से बाहर नहीं रहा है और लोगों को इसके बारे में भुला दिया गया है। ओडिशा के कटक में एक कार्यक्रम के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पीओके कभी भी इस देश से बाहर नहीं रहा है।